महर्षि दयानन्द सरस्वती विश्वविद्यालय, अजमेर

क्रः एफ–15 / शोध / परिपत्र / मदसविवि / 2014 / 74611 दिनांक : 09 / 08 / 2014

परिपत्र

विश्वविद्यालय में पी.एच.डी. शोधोपाधि हेतु शोध पात्रता परीक्षा RET 2011 जिन विषयों में आयोजित की गई थी उनमें से **रसायनशास्त्र** के अभ्यर्थियों के लिए शोध पर्यवेक्षक आवंटन किये जाने हेतु विश्वविद्यालय के अध्यादेश 124 के विभिन्न प्रावधानों के अन्तर्गत शोध पर्यवेक्षक आवंटन समिति (RSAC) की बैठक का आयोजन शीघ्र होना संभावित है। एतदर्थ शोध पर्यवेक्षक आवंटन हेतु **रसायनशास्त्र** विषय के ऐसे शोध पर्यवेक्षक जिनके पास वर्तमान में शोध पंजीयन हेतु स्थान रिक्त हैं उनका विवरण संबंधित तालिका जिसे विश्वविद्यालय की वैबसाईट पर सूचनार्थ अपलोड किया गया है, के अनुसार है :–

इस विश्वविद्यालय के अध्यादेश 124.8 (एफ) के प्रावधानान्तर्गत प्रत्येक अभ्यर्थी को शोध पर्यवेक्षक आवंटित कराये जाने हेतु निर्धारित आवेदन पत्र में आवेदन करना होगा। **(आवेदन पत्र विश्वविद्यालय की वैबसाईट www.mdsuajmer.ac.in से डाउनलोड किया जा सकता है अथवा शोध अनुभाग से भी प्राप्त किया जा सकता है।)**

संबंधित विषय की शोध पात्रता परीक्षा 2011 के अभ्यर्थियों की मेरिट लिस्ट में से ऐसे अभ्यर्थियों, जिन्हे उपलब्ध रिक्त स्थानों के आधार पर नियमानुसार शोध पर्यवेक्षक आवंटन समिति के समक्ष साक्षात्कार हेतु बुलाया जाना है, की सूची विश्वविद्यालय की वैबसाईट पर प्रकाशित कर दी गई है । शोध पर्यवेक्षक आवंटन हेतु मेरिट लिस्ट से वरीयता के आधार पर विषय में उपलब्ध रिक्त स्थानों से दुगनी संख्या तक के अभ्यर्थी ही आवेदन करने के पात्र हैं। उनके अतिरिक्त कोई अन्य अभ्यर्थी आवेदन ना करें। यदि कोई आवेदन करता है तो वह मान्य नहीं होगा।

पात्रताधारी अभ्यर्थियों से यह अपेक्षा है कि वे प्रार्थना पत्र भरने से पूर्व निम्नलिखित दस्तावेजों एवं प्रावधानों (जो सुलभ संदर्भ के लिये वैब साईट पर पृथक से अपलोड हैं) का ध्यानपूर्वक अध्ययन करलें और समझ लें

1. विश्वविद्यालय के अध्यादेश 124 के संबंधित प्रावधान
2. विषय में उपलब्ध प्रत्येक शोध पर्यवेक्षक के मूल विषय, संबंधित संकाय के अन्य सहबद्ध विषय एवं संकायेत्तर अन्य विषय।
3. शोध के अन्य क्षेत्र।
4. शोध हेतु उपलब्ध विषय / क्षेत्र

उक्त सूचना के अधार पर ही आप तय करें कि आप किस विषय पर शोध कार्य करना चाहते हैं। शोध का शीर्षक और संभावित शोध पर्यवेक्षक का उल्लेख अपने आवेदन पत्र में **प्राथमिकता क्रम में स्पष्ट रूप से लिखें।**

अभ्यर्थियों को एतदर्थ सूचित किया जाता है कि दिनांक **20 अगस्त, 2014** तक अपना आवेदन पत्र सही प्रकार भरकर शोध अनुभाग में पहुंचाना सुनिश्चित करें। निर्धारित तिथि के बाद आवेदन स्वीकार नहीं किये जायेंगे जिसके लिए अभ्यर्थी स्वयं जिम्मेदार होंगे।

निदेशक (शोध)

क्रः एफ–15 / शोध / परिपत्र / मदसविवि / 2014 / 74612–62 दिनांक : 09 / 08 / 2014

प्रतिलिपि सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित हैः–

1. विभागाध्यक्ष, विशुद्ध एवं अनुप्रयुक्त रसायनशास्त्र विभाग, म.द.स. विश्वविद्यालय, अजमेर एवं प्राचार्य, राजकीय महाविद्यालय, अजमेर, एम.एल.वी. राजकीय महाविद्यालय, भीलवाडा, राजकीय महाविद्यालय, ब्यावर, राजकीय महाविद्यालय, टोंक, राजकीय महाविद्यालय, नागौर को इस उल्लेख के साथ कि वे इस परिपत्र को अपने विभाग के नोटिस बोर्ड पर लगावें।
2. उक्त विषय के सभी पंजीकृत शोध पर्यवेक्षकों को इस निवेदन के साथ कि वे विश्वविद्यालय की वेबसाईट **www.mdsuajmer.ac.in** पर कृपया संबंधित सूचनाओं का भली प्रकार अवलोकन कर लें।
3. वैब एडमिनिस्ट्रेटर, म.द.स. विश्वविद्यालय, अजमेर को वैबसाईट पर अपलोड करने हेतु।
4. शोध पात्रता परीक्षा उत्तीर्ण अथवा इससे छूट प्राप्त वे अभ्यर्थी जिन्हे विश्वविद्यालय के अध्यादेश 124.8 जी के अनुसार शोध पर्यवेक्षक आवंटन हेतु RSAC में साक्षात्कार हेतु बुलाया जाना है।
5. निजी सचिव– कुलपति, म.द.स. विश्वविद्यालय, अजमेर।
6. निजी सहायक–कुलसचिव, मदसविवि, अजमेर।

सहायक कुलसचिव (शोध)